an>

Title: Need to provide rail connectivity in various religious places in Sabarkantha Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्री डी.एस.राठौड़ (साबरकांठा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र के अरावली जिले में देवनी मोरी के करीब 1,700 साल प्राचीन सांस्कृतिक टेंपल शामला जी सिर्फ दो किलोमीटर दूरी पर है। यहाँ भारत सरकार 700 करोड़ रूपये खर्च करने जा रही है और भगवान बुद्ध की दुनिया में सबसे ऊँची 108 मीटर ऊँचाई की मूर्ति बनाने जा रही है। यह स्थान वैश्विक आकÂर्षण बनने जा रहा है। साथ में यहाँ पोलो जंगल है, जो कुदरत की एक सुन्दर देन है। यहाँ का प्राकृतिक सौन्दर्य अन्य किसी भी अन्तर्राष्ट्रीय सुन्दर जगहों की बराबरी का है। यह प्रवासन के लिए एक नया मुकाम बन सकता है। यहाँ प्राचीन, धार्मिक मन्दिर एवं कला-संस्कृति का भी संगम है। गुजरात सरकार ने इस स्थान की महत्ता को देखते हुए यहाँ विकास कार्य शुरू किया है।

मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से माँग है, विनती है कि इस क्षेत्र के आसपास शामला जी, आबू, अम्बा जी, विजय नगर से धार्मिक स्थलों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की आवश्यकता है। इससे धार्मिक प्रवसन को बहुत बढ़ावा मिलेगा। यहाँ के हमारे ट्राइबल देशवासियों से अधिक प्रभावित हैं। इसलिए यहाँ नौकरी, रोजगार के ज्यादा अवसर मिलेंगे और नागरिकों को अपने घर से दूर रोजगार के लिए जाने में सुविधा होगी।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुधीर गुप्ता, श्री आलोक संजर, श्री रोड़मल नागर और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री डी.एस.राठौड़ द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल : उपस्थित नहीं।

श्री रोड़मल नागर जी।